नव भारत
1934 से



# दतिया में भाजपा संगठन की डैमेज कण्ट्रोल मुहिम कामयाब

## प्रदेशाध्यक्ष, डिप्टी सीएम, प्रदेश प्रभारी एवं पार्टी प्रत्याशी ने ली कार्यकर्ता बैठक, एकजुटता का संकल्प

**नवभारत न्यूज**

**दतिया/ग्वालियर 12 जुलाई।** दतिया में भाजपा संगठन की डैमेज कण्ट्रोल मुहिम तेजी से कामयाब हो रही है। पूर्व गृह मंत्री एवं छह बार के विधायक डॉ. नरोत्तम मिश्रा का टिकिट कटने के बाद दतिया में फूटा उनके समर्थकों का गुस्सा ऊपरी तौर पर शांत हो गया है।

इसका प्रमाण आज उस समय दिखाई दिया जब भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल, प्रदेश प्रभारी डॉ. महेन्द्र सिंह, उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा एवं दतिया से पार्टी प्रत्याशी आशुतोष तिवारी ने दतिया में कार्यकर्ता बैठक को संबोधित किया।

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल एवं प्रदेश प्रभारी डॉ. महेन्द्र सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भारतमाला और सागरमाला बना रहे हैं। आप सभी पार्टी प्रत्याशी आशुतोष तिवारी को ऐतिहासिक मतों से विजयी बनाकर विजय की माला पहनाएं। मोदी भारत को विकसित भारत बना रहे हैं। विकसित भारत के साथ विकसित दतिया बनाने के लिए कमल के फूल को विजयी बनाएं।

उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का कार्यकर्ता ही हमारे संगठन की सबसे बड़ी ताकत है। भाजपा में कोई व्यक्ति प्रत्याशी नहीं होता, कमल का फूल ही वास्तविक उम्मीदवार होता है। भाजपा में प्रत्याशी के साथ देवतुल्य सभी कार्यकर्ता चुनाव लड़ते हैं।

पार्टी प्रत्याशी आशुतोष तिवारी ने कहा कि दतिया में भाजपा का परचम फहराने के लिए आप सभी कार्यकर्ता जुट जाएं। कार्यकर्ता बैठक को प्रदेश शासन के मंत्री एंदल सिंह कंषाना, पार्टी के प्रदेश महामंत्री राहुल कोठारी, सांसद श्रीमती संध्या राय, दतिया जिला अध्यक्ष रघुवीर शरण कुशवाह ने भी सम्बोधित किया।इस दौरान पार्टी के प्रदेश मीडिया प्रभारी आशीष उषा अग्रवाल, विधायक प्रदीप अग्रवाल, निवाड़ी जिला अध्यक्ष राजेश पटैरिया, ग्वालियर ग्रामीण जिला अध्यक्ष प्रेम सिंह राजपूत, शिवपुरी जिला अध्यक्ष जसमंत जाटव, दतिया के जिला प्रभारी गजेंद्र सिकरवार, मप्र कुक्कुट विकास निगम के अध्यक्ष केशव सिंह बधेल, पूर्व निगम अध्यक्ष शैतान सिंह पाल, पूर्व विधायक एवं प्रदेश प्रवक्ता घनश्याम पिरोनिया मंचासीन रहे।

इससे पहले भाजपा जिलाध्यक्ष रघुवीर सिंह कुशवाहा, सेंवढ़ा विधायक प्रदीप अग्रवाल, सांसद संध्या राय, प्रदेश के महामंत्री राहुल कोठारी, प्रदेश प्रभारी महेन्द्र सिंह ने अपने विचार व्यक्त किये। मंचाशीन अतिथियों में पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष राधाकांत अग्रवाल पूर्व विधायक आशाराम अहिरवार, पूर्व बैकाध्यक्ष रूप सिंह सैंगर, गोविन्द भैया परिहार, सहित काफी संख्या में शिवपुरी, निवाड़ी, भिण्ड, झांसी से श्याम सुंदर यादव सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे। वहीं कार्यक्रम के बाद भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल ने जिले के कार्यकर्ताओं के साथ चुनाव संबंधी कार्यकताओं की बैठक ली। जिसमें 13 जुलाई को भारी संख्या में भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में फॉर्म भरवाने के लिए अनुरोध किया।

# दतिया में आज नामांकन भरेंगे आशुतोष और घनश्याम

## सीएम डॉ . यादव, हेमंत खंडेलवाल भाजपा प्रत्याशी को भरवाएंगे नामांकन, जीतू पटवारी भी दतिया पहुंचे

**नवभारत न्यूज**

**दतिया 12 जुलाई।** दतिया उपचुनाव को लेकर अब परिदृश्य साफ हो गया है। कांग्रेस ने पूर्व विधायक घनश्याम सिंह को अपना प्रत्याशी बनाया है, जहां उनका मुकाबला बीजेपी के आशुतोष तिवारी से होगा. चुनाव मैदान में आजाद समाज पार्टी के दामोदर यादव भी हैं। भाजपा प्रत्याशी आशुतोष तिवारी एवं कांग्रेस प्रत्याशी घनश्याम सिंह कल सोमवार, 13 जुलाई को विशाल जुलूस के साथ कलेक्ट्रेट पहुंचकर नामांकन पत्र भरेंगे। दोनों ही दलों के वरिष्ठ नेता इस मौके पर प्रत्याशियों के साथ रहेंगे।



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल, प्रदेश प्रभारी डॉ. महेन्द्र सिंह, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल, उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा एवं वरिष्ठ नेता डॉ. नरोत्तम मिश्रा सहित पार्टी के वरिष्ठ नेतृत्व प्रात: 11 बजे दतिया कलेक्ट्रेट पहुंचकर पार्टी प्रत्याशी आशुतोष तिवारी को नामांकन दाखिल कराएंगे। तत्पश्चात दोपहर एक बजे किला चौक पर आमसभा आयोजित होगी। जनसभा को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल एवं पार्टी के वरिष्ठ नेता डॉ. नरोत्तम मिश्रा सहित वरिष्ठ नेता संबोधित करेंगे।

पीसीसी सदर जीतू पटवारी भी आज रात्रि दतिया पहुंच चुके हैं। वे कल कांग्रेस प्रत्याशी घनश्याम सिंह के नामांकन दाखिले के समय मौजूद रहेंगे। पूर्व सीएम दिग्विजय सिंह, नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार, प्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी सहित कई वरिष्ठ नेताओं के भी इस अवसर पर मौजूद रहने की उम्मीद है। नामांकन दाखिले से पहले रिंग रोड पर सुबह 11 बजे कांग्रेस सभा करेगी।

उपचुनाव में दिलचस्प मुकाबले के आसार हैं। बीजेपी प्रत्याशी आशुतोष तिवारी के खिलाफ कांग्रेस नेता घनश्याम सिंह के नाम पर मुहर लगाने के बाद अनुभव बनाम युवा नेतृत्व की दिलचस्प राजनीतिक लड़ाई देखने को मिलेगी. दोनों दलों ने चुनावी तैयारियां तेज कर दी हैं और आगामी दिनों में प्रचार अभियान भी गति पकड़ने की संभावना है.

# एमबीबीएस में प्रवेश दिलाने के नाम पर 4 .25 लाख की साइबर ठगी

**उज्जैन, 12 जुलाई. जिले की नीलगंगा थाना पुलिस ने एमबीबीएस में प्रवेश दिलाने के नाम पर 4.25 लाख रुपये की साइबर ठगी करने वाले कथित मास्टरमाइंड को पश्चिम बंगाल के सिलीगुड़ी से गिरफ्तार किया है.**

पुलिस के अनुसार उज्जैन निवासी सतीश चंद्र पटेल अपने पुत्र के एमबीबीएस प्रवेश की प्रक्रिया में थे. इसी दौरान एक व्यक्ति ने स्वयं को बिहार के कटिहार मेडिकल कॉलेज का प्राचार्य बताकर उनसे संपर्क किया. आरोपी ने कॉलेज में सीट रिक्त होने का झांसा देकर फरियादी से शैक्षणिक एवं पहचान संबंधी दस्तावेज प्राप्त किए और 15 से 17 फरवरी 2026 के बीच सीट बुकिंग के नाम पर विभिन्न बैंक खातों में कुल चार लाख 25 हजार रुपये ऑनलाइन ट्रांसफर करा लिए. राशि प्राप्त करने के बाद आरोपी ने व्हाट्सएप के माध्यम से राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग (एनएमसी) के कथित पत्र, आवंटन पत्र तथा अन्य कूटरचित दस्तावेज भेजकर फरियादी को विश्वास में बनाए रखा.

बाद में जब फरियादी कटिहार मेडिकल कॉलेज पहुंचे और वहां के प्राचार्य से संपर्क किया तो उन्हें पता चला कि संबंधित मोबाइल नंबर उनका नहीं है, कॉलेज में कोई सीट रिक्त नहीं थी तथा उनके नाम का दुरुपयोग कर धोखाधड़ी की गई है.

# लूट करने वाले आरोपी आभूषण के साथ पकड़ाए

**नवभारत,न्यूज**

**दमोह. देहात थाना क्षेत्र की नरसिंहगढ़ चौकी अंतर्गत आने वाले सूखी पिपरिया गांव में बंधक बनाकर साढ़े 12 लाख रुपए की लूट करने वाले आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।**

शहर के जबलपुर नाका स्थित पुलिस कंट्रोल रूम में रविवार शाम दमोह एसपी आनंद कलादगि (भापुसे) ने सीएसपी एचआर पांडे व टीआई देहात धर्मेंद्र उपाध्याय की मौजूदगी में मामले का खुलासा किया गया। इस मामले में चार आरोपी फरार है। पकड़े गए दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेशकर उन्हें जेल भेज दिया गया है। जिन्हें रिमांड पर लिया जाएगा। एसपी आनंद कलादगि ने बताया कि 4 जुलाई की रात सूखी पिपरिया गांव निवासी विजय जैन के घर छह आरोपियों के द्वारा घर में घुसकर कट्टे की नोक पर बंधक बनाकर सोने चांदी के जेवरात लूट लिए गए थे। इस घटना में चार आरोपी घर के अंदर घुसे थे और दो आरोपी घर के बाहर पहरा दे रहे थे।घटना की शिकायत पीड़ित के द्वारा नरसिंहगढ़ चौकी में दर्ज कराई गई। मेरे और डीआईजी सागर शशीन्द सिंह चौहान, एएसपी सुजीत सिंह भदोरिया द्वारा घटनास्थल पहुंचकर बारीकी से जानकारी ली गई थी।

# चावल हेराफेरी : सरकार की भूमिका नहीं

**भोपाल, 12 जुलाई . बालाघाट जिले में एथेनॉल उत्पादन के लिए आवंटित एफसीआई चावल की कथित हेराफेरी के मामले में खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने स्पष्ट किया है कि मध्यप्रदेश खाद्य विभाग और राज्य नागरिक आपूर्ति निगम का इस प्रकरण से कोई संबंध नहीं है. उन्होंने कहा कि एथेनॉल उत्पादन केंद्र सरकार की योजना है, जिसमें चावल का आवंटन, मूल्य निर्धारण और परिवहन जैसी सभी प्रक्रियाएं केंद्रीय एजेंसियों के अधीन होती हैं.**



प्रारंभिक जांच में एफसीआई द्वारा एवीजे एग्रिको प्राइवेट लिमिटेड को उपलब्ध कराया गया 242.55 क्विंटल चावल बालाघाट के संचेती राइस मिल परिसर में पाया गया. प्रथम दृष्टया अनियमितता की पुष्टि होने पर संबंधित कंपनी के अधिकृत प्रतिनिधि और राइस मिल संचालक के विरुद्ध वारासिवनी थाने में एफआईआर दर्ज की गई है.

> मंत्री ने बताया कि शुरुआती जांच में एथेनॉल निर्माता कंपनी और राइस मिलर की भूमिका सामने आई है. राज्य सरकार पुलिस जांच में पूरा सहयोग कर रही है तथा दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी. साथ ही, ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने और व्यवस्था को अधिक पारदर्शी बनाने के लिए केंद्रीय खाद्य मंत्री को भी पत्र लिखकर आवश्यक कदम उठाने का अनुरोध किया गया है.

# मैहर में तालाब में डूबने से भाई-बहन की मौत

**मैहर, 12 जुलाई.** जिले के उचेहरा थाना क्षेत्र के पिपरा गांव में तालाब में नहाने गए भाई-बहन की डूबने से मौत हो गई. पुलिस सूत्रों के अनुसार पिपरा गांव निवासी सात वर्षीय अरुण सिंह गोंड शनिवार दोपहर अपनी पांच वर्षीय बहन अक्षिता सिंह के साथ गांव के तालाब में नहाने गया था. इस दौरान दोनों बच्चे गहरे पानी में चले गए और डूबने से उनकी मौत हो गई. घटना की सूचना मिलने पर पुलिस और स्थानीय लोगों ने तलाश अभियान चलाया. देर शाम दोनों बच्चों के शव तालाब से बरामद कर लिए गए. पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी है.

# इंदौर में चार आत्महत्याओं से फैली सनसनी

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर. शहर में पिछले 24 घंटे के भीतर आत्महत्या के चार अलग अलग मामलों ने लोगों को झकझोर दिया. सबसे चर्चित मामला छत्रीपुरा पुलिस लाइन का है, जहां एक एएसआई के 18 वर्षीय बेटे ने जहरीला पदार्थ खाकर जान दे दी.**

वहीं कनाड़िया में एक ठेकेदार, छत्रीपुरा में एक युवक और भंवरकुआं क्षेत्र में एक महिला मजदूर ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली. चारों मामलों में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है.

पुलिस लाइन में रहने वाले एएसआई ब्रजेश कुमार के 18 वर्षीय बेटे आदित्य ने शुक्रवार 10 जुलाई को जहरीला पदार्थ खा लिया था. तबीयत बिगड़ने पर परिजन उसे निजी अस्पताल ले गए, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई. छत्रीपुरा थाना प्रभारी संजीव श्रीवास्तव ने बताया कि रविवार को पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया. आदित्य प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहा था.

एक अन्य मामले भी इसी थाना क्षेत्र का हैं, सिलावटपुरा में रहने वाले 25 वर्षीय प्रियांशु राठौर ने भी घर में फंदा लगाकर जान दे दी. वह एक कपड़ा दुकान पर काम करता था. पुलिस फिलहाल आत्महत्या के कारणों की जांच कर रही है. इसी तरह कनाड़िया थाना क्षेत्र की भूरी टेकरी स्थित आईडीए कॉलोनी में रहने वाले 36 वर्षीय भीम सिंह चौहान का शव रविवार सुबह घर डुमें फंदे पर मिला. वह ड्रेनेज लाइन का ठेकेदार था.

परिजनों ने पुलिस को बताया कि परिचित एक महिला लगातार उस पर शादी का दबाव बना रही थी, जिससे वह पिछले कुछ दिनों से मानसिक तनाव में था. थाना प्रभारी सहर्ष यादव ने बताया कि पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है, पोस्टमार्टम रिपोर्ट व परिजनों के बयानों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी. एक अन्य मामला भंवरकुआं क्षेत्र का हैं, यहां हरदा निवासी 28 वर्षीय पूजा, जो आईटी पार्क के पास निर्माणाधीन भवन में मजदूरी करती थी, ने भी फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली. थाना प्रभारी संतोष दूधी ने का कहना है कि आत्महत्या के कारणों का पता लगाया जा रहा है.

# डीआरएम ने पुणे सुपरफास्ट का ऑन-बोर्ड निरीक्षण किया

**जबलपुर.** यात्रियों को सुरक्षित, स्वच्छ और गुणवत्तापूर्ण रेल यात्रा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से रविवार को जबलपुर रेल मंडल के मंडल रेल प्रबंधक कमल कुमार तलरेजा ने वाणिज्य, विद्युत, संरक्षा एवं आरपीएफ अधिकारियों के साथ ट्रेन संख्या 20162 जबलपुर-पुणे वीकली सुपरफास्ट एक्सप्रेस का जबलपुर से इटारसी तक ऑन-बोर्ड निरीक्षण किया. निरीक्षण के दौरान उन्होंने कोचों की साफ-सफाई, पेयजल व्यवस्था तथा आपातकालीन निकास सहित सुरक्षा एवं यात्री सुविधाओं से जुड़े सभी महत्वपूर्ण बिंदुओं का गहन निरीक्षण किया.

# बहू को जिंदा जलाने का प्रयास, एफआईआर दर्ज

**जबलपुर, 12 जुलाई. अधारताल अंतर्गत अमखेरा में सास और पति ने मिलकर बहू को जिंदा जलाने का प्रयास किया था. वारदात को हादसे का रूप देने के लिए आरोपियों ने झुलसी हालत में महिला को रातभर घर में कैद रखा और हक में वीडियो बनाने के लिए जान से मारने की धमकी दी थी, पुलिस ने लंबी जांच के बाद पीड़िता के बयानों के आधार पर पति और सास के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली है.**

पुलिस ने बताया कि कटनी जिले के कुठला की रहने वाली उर्मिला कोरी ने अपनी बेटी नंदनी (26) का विवाह 7 वर्ष पहले अमखेरा निवासी वीरेन्द्र कोरी से किया था. शादी के बाद से ही पति वीरेन्द्र और सास जयंती कोरी उसे मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित कर रहे थे. नंदनी जब भी मायके से रुपए या सोने-चांदी के जेवर लेकर आती, पति उसे छीनकर बेच देता और मारपीट कर मायके भगा देता था. बीती 10 अप्रैल की रात करीब 11:45 बजे नंदनी किचन में अपनी मासूम बेटी के लिए दूध गर्म कर रही थी. इसी बीच पति वीरेन्द्र उससे विवाद करने लगा. शोर सुनकर सास जयंती कोरी भी वहां पहुंच गई. सास ने क्रूरता की सारी हदें पार करते हुए नंदनी की साड़ी का पल्लू जलते हुए गैस बर्नर पर रख दिया.

### तड़पती हुई महिला को कैद कर रखा

नंदनी को रातभर घर में छुपाकर रखा और उस पर दबाव बनाया कि वह अपने पति-सास के पक्ष में सफाई देते हुए वीडियो रिकॉर्ड करे, ऐसा न करने पर उसे जान से मारने की धमकी दी गई. सुबह लगभग 5 बजे नंदनी की चाची सास ने उसे गंभीर हालत में तड़पते देखा, जिसके बाद उन्होंने उसे तत्काल संजीवनी अस्पताल में भर्ती कराया. हालत में सुधार न होने पर पीड़िता को मोहनलाल हरगोविंददास अस्पताल रेफर किया गया था. लंबी जांच बाद एफआईआर दर्ज की गई है.

# बाइक सवार को कार ने मारी टक्कर, युवक की मौत

**उज्जैन, 12 जुलाई. बडनगर मार्ग पर शनिवार दोपहर सडक दुर्घटना हो गई बाइक सवार गंभीर घायल हुआ था उसे अस्पताल लाया गया जहां उपचार के दौरान रात में उसकी मौत हो गई.**

इंगोरिया के ग्राम बलेड़ी में रहने वाला कमल पिता हेमराज चौहान 37 साल मिस्त्री का काम करता था. शनिवार को वह बाइक से उज्जैन आ रहा था इस दौरान ग्राम चिकली के समीप ढाबे के सामने उसे तेज गति से दौड़ती कार ने टक्कर मार दी. दुर्घटना के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हुई. कमल गंभीर रूप से घायल हुआ था जिसे भीड़ में शामिल कुछ लोगों ने पहचान लिया और परिवार को सूचना दी. भाई दिनेश घटनास्थल पहुंचा और तत्काल कमल को उपचार के लिए उज्जैन लेकर आया. जहां निजी अस्पताल में कुछ घंटे चले उपचार के बाद रात में कमल की मौत हो गई. रविवार सुबह पुलिस ने पोस्टमार्टम कराया परिजनों ने बताया कि कमल तीन बच्चों का पिता था. पुलिस ने दुर्घटना स्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरो के माध्यम से टक्कर मारकर मौके से भागी कार की तलाश शुरू की है.




# सम्राट विक्रमादित्य विवि पहुंचे उच्च शिक्षा मंत्री

**उज्जैन, 12 जुलाई. प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार ने सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय का दौरा कर विद्यार्थियों के नवाचारी कार्यों का जायजा लिया। उन्होंने विश्वविद्यालय के बिजनेस एंड इनक्यूबेशन सेल की बैठक में स्टार्टअप संचालित कर रहे छात्रों से सीधा संवाद किया।**

भ्रमण के दौरान मंत्री परमार ने विद्यार्थियों द्वारा शुरू किए गए अभिनव स्टार्टअप्स ओम नक्षत्र सोलर प्लैनेट प्राइवेट लिमिटेड, सीसो के कार्यों की विस्तार से समीक्षा की।

कुलसचिव डॉ. अनिल शर्मा ने बताया कि विश्वविद्यालय में नवाचार को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है। छात्रों को अपने विचारों को सफल व्यवसाय में बदलने के लिए जरूरी संसाधन और मार्गदर्शन उपलब्ध कराया जा रहा है।

### छात्रों को चुनौतियों के लिए कर रहे तैयार

> कुलपति प्रो. अर्पण भारद्वाज ने कहा कि विश्वविद्यालय का उद्देश्य केवल किताबी ज्ञान देना नहीं, बल्कि विद्यार्थियों की उद्यमशीलता को तराशना है। इनक्यूबेशन सेल के जरिए छात्रों को उद्योग जगत की चुनौतियों के लिए तैयार किया जा रहा है। पोषण पात्र, जल लक्ष्मी और कोड-डी-कोड जैसे प्रोजेक्ट्स यह साबित कर रहे हैं कि हमारे छात्र समाज की समस्याओं का समाधान खोजने में पूरी तरह सक्षम हैं।

# मेहंदी से हाथ-पैरों पर लिखा सुसाइड नोट, फिर दी जान

- ससुराल पक्ष पर प्रताड़ना के गंभीर आरोप
- पुलिस ने मेहंदी से लिखे संदेश को बनाया साक्ष्य

**छिंदवाड़ा. ससुराल की कथित प्रताड़ना से परेशान एक 32 वर्षीय महिला ने जहर खाकर आत्महत्या कर ली. हैरानी की बात यह है कि महिला ने अपनी मौत से पहले सबूत सुरक्षित रखने के लिए कागज की बजाय अपने हाथों और पैरों पर मेहंदी से सुसाइड नोट लिखा.**

पुलिस ने इसे मामले का महत्वपूर्ण साक्ष्य मानते हुए फोटोग्राफी और वीडियोग्राफी कर जांच शुरू कर दी है.

पुलिस के अनुसार, मृतका प्रीति वर्मा की शादी करीब 13 वर्ष पहले लखन वर्मा से हुई थी. परिजनों का आरोप है कि शादी के बाद से ही उसे मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित किया जा रहा था. कई बार विवाद बढ़ने पर उसने पुलिस में शिकायत भी दर्ज कराई थी, लेकिन हर बार समझौते के बाद वह ससुराल लौट जाती थी. मृतका के भाई हरिओम जांघेला ने बताया कि प्रीति को आशंका थी कि यदि वह कागज पर सुसाइड नोट लिखेगी तो ससुराल पक्ष उसे नष्ट कर देगा.

**फैसला** | फोरेंसिक साक्ष्यों से साबित हुआ गोली चलाने वाले का गुनाह

# 12 साल बाद पिंटू हत्याकांड में दो आरोपी को उम्रकैद

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर, 12 जुलाई. बाणगंगा थाना क्षेत्र के चर्चित देवेंद्र उर्फ पिंटू हत्याकांड में करीब 12 साल बाद अदालत ने मुख्य आरोपी जितेंद्र उर्फ जेडी और सचिन कुशवाह उर्फ कबाड़ी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है. वहीं, साक्ष्यों के अभाव में तीन अन्य आरोपियों को बरी कर दिया. अदालत ने मामले को विरलतम से विरल नहीं माना, इसलिए फांसी की सजा नहीं दी.**

अपर सत्र न्यायाधीश विनोद कुमार शर्मा की अदालत ने सुनवाई के दौरान आए साक्ष्यों के आधार पर माना कि मुख्य आरोपी जितेंद्र उर्फ जेडी ने अवैध पिस्टल से देवेंद्र उर्फ पिंटू की हत्या की थी. जांच के दौरान बरामद पिस्टल और घटनास्थल से मिले कारतूस के अवशेषों की फोरेंसिक जांच में भी इसकी पुष्टि हुई.

अदालत ने यह भी माना कि सचिन कुशवाह उर्फ कबाड़ी वारदात के समय जितेंद्र के साथ मौजूद था और हत्या की साजिश में उसकी भी भूमिका थी. अदालत ने जितेंद्र उर्फ जेडी को हत्या के मामले में आजीवन कारावास के साथ आर्म्स एक्ट की धारा 25 और 27 के तहत भी अलग अलग सजा सुनाई. वहीं, सचिन कुशवाह को हत्या और आपराधिक साजिश का दोषी ठहराते हुए आजीवन कारावास से दंडित किया, दोनों पर अर्थदंड भी लगाया है. मामले में बबलू ठाकुर उर्फ प्रेम, चंदन उइके और गोलू उर्फ आनंद के खिलाफ पर्याप्त साक्ष्य नहीं मिलने पर अदालत ने उन्हें दोषमुक्त कर दिया.

> फैसले में अदालत ने कहा कि हत्या गंभीर और जघन्य अपराध है, लेकिन यह मामला विरलतम से विरल की श्रेणी में नहीं आता. ऐसे में मृत्युदंड के बजाय आजीवन कारावास की सजा न्यायसंगत है. उल्लेखनीय है कि वर्ष 2013 में बाणगंगा थाना क्षेत्र में देवेंद्र उर्फ पिंटू की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी. लंबे ट्रायल, कई गवाहों के बयान और वैज्ञानिक साक्ष्यों के परीक्षण के बाद शनिवार को अदालत ने अपना फैसला सुनाया. शासन की ओर से अतिरिक्त लोक अभियोजक योगेश जायसवाल ने पैरवी की.